मंगल पाण्डेय
मंत्री
स्वास्थ्य विभाग
बिहार, पटना

बिहार सरकार

Mangal Pandey
Minister
Health Department
Bihar, Patna

पत्रांक 714 (मं०)

दिनांक 13.09.21

आदरणीय श्री नीतीश मिश्रा जी,

नमस्कार ।

आपका बिहार राज्यंतर्गत बिहार के पटना जिला के उच्च स्तरीय अस्पताल में रेफर किये गये रोगियों की भर्ती प्रक्रिया को सुगम व त्वरित निष्पादन की व्यवस्था कराने से संबंधित पत्रांक–303/2021, दिनांक–31.08.2021 प्राप्त हुआ। अग्रेतर कार्रवाई हेतु संदर्भित पत्र संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित किया गया है।

सूचनार्थ।

मंगल पाण्डेय
(मंगल पाण्डेय)

सेवा में,

श्री नीतीश मिश्रा
माननीय सदस्य,
बिहार विधान सभा,
112, कौटिल्य नगर,
पटना–800014

कार्यालय : विकास भवन, प्रथम तल, बेली रोड, पटना– 800015 दूरभाष–0612–2215330, फैक्स नं.–0612–2215603
आवास : 04,टेलर रोड, पटना–800001 दूभाष– 0612–2234455, 2217050, फैक्स नं. 0612–2204456
ई–मेलः healthministercellbihar@gmail.com

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 303/2021
Dt-31-8-2021

प्रिय मंगल जी,

विषयः–**पटना स्थित उच्च स्तरीय अस्पताल यथा आई॰जी॰आई॰एम॰एस॰, पी॰एम॰सी॰एच॰, आई॰जी॰आई॰सी॰ एवं एन॰एम॰सी॰एच॰ आदि में राज्य के मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं सदर अस्पतालों से रेफर किए गए रोगियों की भर्ती प्रक्रिया को सुगम व त्वरित निष्पादन एवं अलग कॉउन्टर की व्यवस्था देने के संबंध में।**

राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पटना के उच्च स्तरीय सरकारी अस्पतालों यथा आई॰जी॰आई॰एम॰एस॰, पी॰एम॰सी॰एच॰ आई॰जी॰आई॰सी॰ एवं एन॰एम॰सी॰एच॰ आदि की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त अस्पतालों में रोगियों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होना स्वाभाविक है।

इन अस्पतालों में राज्य के अन्य सुदूर क्षेत्रों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं सदर अस्पतालों से रेफर किए गए रोगियों के ईलाज के लिए भर्ती होने में हो रही परेशानियों की ओर ध्यान इंगित करना चाहता हूँ।

पटना स्थित उच्च स्तरीय सरकारी अस्पतालों में राज्य के मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं सदर अस्पतालों से रेफर किए गए रोगियों के ईलाज की भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कराने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही भर्ती न होने की स्थिति में उपचार में विलम्ब होता है, जिससे रोगियों को बीमारी बढ़ जाने की संभावना बनी रहती है।

अतः अनुरोध है कि पटना के उच्च स्तरीय अस्पतालों में बिहार के विभिन्न मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं सदर अस्पतालों से रेफर किए गए रोगियों के भर्ती प्रक्रिया को सुगम व त्वरित निष्पादन एवं अलग कॉउन्टर की व्यवस्था देने हेतु समुचित विचार करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 31·8·21

सेवा में,
श्री मंगल पांडे जी,
माननीय मंत्री,
स्वास्थ्य विभाग,
बिहार सरकार, पटना

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitisl www.jhanjharpur.co.in